आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.10.2023 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- कृतज्ञ राष्ट्र ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जंयती पर किया नमन–श्रद्धासुमन किए अर्पित।

- आपदा राहत कोष 2023 में अब तक 2 सौ करोड़ रूपए से अधिक का अशंदान हुआ एकत्र–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सभी दानियों का जताया आभार।

- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश की खराब वित्तीय हालत के लिए पूर्व भाजपा सरकार को ठहराया जिम्मेदार।

- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने केन्द्र से आपदा प्रभावितों को मिल रही मदद के मामले में प्रदेश सरकार पर राजनीति करने का लगाया आरोप।

गांधी जंयती

कृतज्ञ राष्ट्र ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राजघाट मे सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के आदर्शों ने दुनिया के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत औपनिवेशिक शासन के खिलाफ स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष में मार्गदर्शक थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी की शिक्षाएं हमारा मार्गदर्शन करती रहती हैं। उन्होंने कहा कि गांधी का प्रभाव वैश्विक है, जो संपूर्ण मानव जाति को एकता और करुणा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है।

इधर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने शिमला के रिज मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्पाल ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वदेशी, स्वराज, आत्मनिर्भरता और स्वच्छता के सिद्धांत सभी को प्रेरित करते है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व व अहिंसा के प्रति समर्पण ने भारत के स्वतत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने लोगों से महात्मा गांधी के आर्दशों को अपने जीवन में अपनाने का आहवान किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद प्रतिभा सिंह ने लोगों से महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांतों का अनुसरण करने का आहवान किया है। मंडी में गांधी जयंती पर आयोजित सर्वधर्म सभा में उन्होंने कहा कि देश में एकता व अखंडता बनाए रखना ही महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धाजंलि होगी।

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने पालमपुर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

## शास्त्री जंयती

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी सादगी, राष्ट्र के प्रति समर्पण और जय जवान, जय किसान का प्रतिष्ठित आह्वान आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करता है।

इधर राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में शास्त्री चौक स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री सादगी का उत्कृष्ठ उदाहरण थे जिन्होंने देश को कर्त्वयनिष्ठा का संदेश दिया।

## प्रतिभा सिंह

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि द्रंग विधानसभा क्षेत्र की कटिंडी–झटिंगरी सड़क को लगभग साढ़े 27 करोड़ रूपए की लागत से सुदृढ़ किया जाएगा। आज इस क्षेत्र के एक दौरे के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत तरयाबंली में नवनिर्मित पटवार भवन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने केन्द्र सरकार से हिमाचल में आपदा प्रभावितों को राहत व पुर्नवास कार्यों के लिए जल्द आर्थिक पैकेज जारी करने की मांग की।

## सुखविंदर सिंह

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आपदा राहत कोष 2023 में अब तक 2 सौ करोड़ रूपए से अधिक का अशंदान एकत्र हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कोष का उद्देश्य बरसात के दौरान प्रदेश में हुई बारिश व भूस्खलन प्रभावितों को राहत व पुर्नवास में मदद करना है। उन्होंने कहा कि कोविड–19 महामारी के दौरान प्रदेश में अशंदान के रूप में एक सौ 45 करोड़ रूपए की राशि एकत्र हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा लोगों को प्रदेश सरकार की साफ नियत व जनहित के प्रति समर्पण पर पूरा विश्वास है। उन्होंने राहत व पुर्नवास के लिए दिए गए अशंदान के लिए सभी का धन्यवाद किया है।

## <u>शांडिल</u>

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के कोटला गांव में गांधी जंयती व लाल बहादुर शास्त्री जंयती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेले के समापन समारोह में मुख्यातिथी के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि मेलों के आयोजन से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलता है। शांडिल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला के अतिरिक्त भवन का लोकार्पण व खेल मैदान का शिलान्यास भी किया।

## <u>मुकेश अग्निहोत्री</u>

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश की खराब वित्तिय हालत के लिए पूर्व भाजपा सरकार को ज़िमेदार बताया है। आज चंबा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने प्रदेश को 92 हजार करोड़ रूपए की देनदारियां विरासत में दी है। जिससे उभरने में काफी समय लगेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आर्थिक तंगी के बावजूद अपने संसाधनों से आपदा प्रभावितों के लिए 4 हजार 5 सौ करोड़ रूपए के राहत पैकेज की घोषणा की है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम इस वर्ष को निगम के स्थापना के दिवस के रूप में मनाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में पथ परिवहन निगम के 31 डिपो के माध्यम से 3 हजार 8 सौ रूटों पर 3 हजार 2 सौ बसें चल रही हैं।

## <u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज गांधी जंयती के अवसर पर शिमला नगर निगम के लिए 4 गारबेज कॉम्पेक्टर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये गारबेज कॉम्पेक्टर्स एक करोड़ 40 लाख रूपए खर्च कर शिमला स्मार्ट सीटी प्रोजेक्ट के तहत खरीदे गए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक कॉम्पेक्टर की क्षमता 14 क्यूबिक मीटर है, और ये लगभग 12 टन कूड़ा एक बार में शिमला स्थित भरियाल अपशिष्ट प्रसस्करण संयंत्र तक ले जाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि इनके इस्तेमाल से न केवल कूड़ा प्रबंधन में सुधार आएगा बल्कि परिवहन लागत भी घटेगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम शिमला में बेहतर अपशिष्ट प्रबंधंन के लिए खरीदे गए ये गारबेज कॉम्पेक्टर्स शिमला को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सक्रियता से कार्य कर रही है और स्वच्छता को बढ़ावा व विभिन्न सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।

## <u>हर्षवर्धन</u>

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि सिरमौर जिले के राजगढ़ क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। आज राजगढ़ में जन सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि सिरमौर जिले में अनेक पर्यटन स्थल है जिन्हें विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने राजगढ़ क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए अधिकारियों को ज़मीन तलाशने के निर्देश दिए। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि उद्योग स्थापित होने से स्थानीय लोगों को घर–द्वार पर ही रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने केन्द्र सरकार से आपदा प्रभावितों को मिल रही मदद के मामले में प्रदेश सरकार पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार हिमाचल प्रदेश की लगातार मदद कर रही है मगर राज्य सरकार द्वारा इस मामले में राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। जयराम ठाकुर ने कहा कि दो महीने बीतने के बावजूद भी बहुत सारे आपदा प्रभावित लोगों को राहत नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि धरातल की स्थितियां सरकारी दावों के बिल्कुल विपरीत है।

राठौर

विधायक कुलदीप राठौर ने समाज से नशे की बुराई को दूर करने के लिए सभी लोगों से एकजुट होकर काम करने का आहवान किया है। शिमला जिला के ठियोग में आज एक निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में बतौर मुख्यातिथी शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि नशा पूरे समाज के लिए एक चिंता का विषय बन गया है। शिविर में 11 सौ लोगों ने अपनी आंखों का चैकअप करवाया और इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 80 लोगों की आंखों का सफल ऑपरेशन भी किया।

विश्व सांस्कृतिक महोत्सव

अन्तर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा अमरीका के वांशिंगटन डी सी में आयोजित विश्व सांस्कृतिक महोत्सव आज सम्पन्न हो गया । तीन दिवसीय इस महोत्सव में एक सौ 80 देशों के 10 लाख से अधिक लोगों ने आपसी भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। ये कार्यक्रम मानवीय जुड़ाव और विश्व शांति के मकसद से आयोजित किया गया था। इस मौके पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी संस्था ने वैश्विक परिवार का एक सूक्ष्म जगत बनाया है। कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस.जयशंकर, संयुक्त राष्ट्र के 8वें महासचिव बान की मून सहित विश्व के 50 वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

बिंदल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेश सरकार पर बेरोजगारी दूर करने की गांरटी को पूरा न करने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हर साल एक लाख युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था, जिसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है। बिंदल ने कहा कि नौकरी देने की बजाय राज्य सरकार ने एक हजार 8 सौ 50 कोविड वॉरियर्ज को नौकरी से निकाल दिया है जो निदंनीय है।

**<u>मुख्यमंत्री</u>**

**मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू कल शिमला के रिज मैदान में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सुख आश्रय योजना के राज्य स्तरीय समारोह का शुभारम्भ करेंगें। सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल भी इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।**